DATE 11.11.24
PAGE No. 1

Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD.

कक्षा-सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय-हिंदी साहित्य (पाठ- 13 'सूरदास के पद')-2

पुस्तक- नवतरंग -7

सुप्रभात प्यारे बच्चो!
आज हम कक्षा- सातवीं की हिंदी साहित्य की पुस्तक के पृष्ठ - 109 पर लिखे सूरदास के द्वितीय पद को पढ़ेंगे। सब बच्चे इस पद को उच्च स्वर में पढ़ेंगे, याद करेंगे और अर्थ समझेंगे। यह पद मैं पढ़ने जा रही हूँ जो इस प्रकार है -

खेलन जाहु बाल सब टेरत।
यह सुनि कान्ह भए अति आतुर, द्वारें तन फिरि हेरत॥
बार-बार हरि मातहि बूझत, कहि चौगान कहाँ है।

बच्चो! प्रस्तुत पंक्तियों का अर्थ जानने से पहले इस पद में आए कुछ कठिन शब्दों के अर्थ मैं आपको बता रही हूँ।

जाहु - जाओ
टेरत - पुकार
सुनि - सुनकर
भए - हुए
आतुर - उतावले
हेरत - देखते
तन - ओर
फिरि - बार-बार
मातहि - माता से
कहि - कहना

भावार्थ:- इन पंक्तियों में सूरदास जी लिखते हैं कि माता यशोदा अपने पुत्र से कहती हैं - मेरे लाल! तुम खेलने जाओ। सब बालक तुम्हें पुकार रहे हैं, बुला रहे हैं। माता यशोदा की बात



Scanned with CamScanner

DATE 11.11.24
PAGE No. 2

कक्षा- सातवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय-हिंदी साहित्य (पाठ-13 'सूरदास के पद')

सुनकर नंदलाल बेचैन हो उठे और बार-बार दरवाजे की ओर देखने लगे। श्यामसुंदर अपनी माता से बार-बार पूछते हैं कि मेरी गेंद और खेलने का बल्ला कहाँ है?

बच्चो! अब मैं कविता की अगली पंक्तियाँ पढ़ूँगी

दधि-मथनी के पाछे देखौ, लै मैं धरयौ तहाँ है॥
लै चौगान-बटा अपनैं कर, प्रभु आए घर बाहर।
सूर श्याम पूछत सब ग्वालनि, खेलौगे किहिं ठाहर॥

कठिन शब्दों के अर्थ:-

दधि-मथनी- जिससे दही मथा जाता है। (मथानी)
धरयौ - रखा
तहाँ - वहाँ
बटा - गेंद
कर - हाथ
ग्वालनि- ग्वालों से
ठाहर - स्थान
किहिं - कहाँ

इन पंक्तियों में सूरदास जी कहते हैं कि जब कृष्ण जी अपनी मैया यशोदा से पूछते हैं कि मेरी गेंद और बल्ला कहाँ है? यशोदा मैया कहती हैं कि दही की मटकी के पीछे देखो, मैंने लेकर वहाँ रख दिया है। इस प्रकार श्री कृष्ण अपने हाथ में गेंद और बल्ला लेकर घर से बाहर आए। सूरदास जी कहते हैं कि अब श्यामसुंदर सब ग्वाल-बालों से पूछ रहे हैं कि किस स्थान पर खेलोगे?

बच्चो! यह पाठ यहाँ समाप्त हुआ।

गृहकार्य:- पृष्ठ 111 पर पाठबोध के अंतर्गत आए संक्षेप में और विस्तार से के प्रश्न-उत्तर लिखने का प्रयास करेंगे। शब्दार्थ याद करेंगे।

(अंतिम पृष्ठ-2)

Scanned with CamScanner